SC

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जहानाबाद के अधीन पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत L140 टेहटा ढावपर रोड से हृदया बिगहा पथ निर्माण कार्य **संवेदक संजय कुमार(निबंधन संख्या–3050376)** को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार पथ निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि 03.01.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.01.2020 है।

संवेदक द्वारा ससमय पथ निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जहानाबाद का सकारण आदेश ज्ञापांक 2905 दिनांक 18.12.2024 द्वारा पथ के एकरारनामा को विखंडित करते हुए संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा की गई।

उक्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक से किये गये कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 10.02.2025 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए बताया गया है कि लंबे समय से उनका स्वास्थय खराब रहने के कारण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। साथ ही कार्य पूर्ण किये जाने हेतु एक महीना समयावधि की मांग की गई।

संवेदक से प्राप्त स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, जहानाबाद का पत्रांक 556 दिनांक 24.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त पथ निर्माण कार्य करीब 04(चार) वर्षों से बंद है। उक्त पथ की जांच कुल 06(छः) SQM के द्वारा किया गया है एवं सभी के द्वारा Unsatisfactory Grade प्रदान किया गया है। संवेदक के द्वारा अभी तक SQM के द्वारा लगाया गया ATR का निराकरण नहीं किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा कार्य पूर्ण करने की मंशा नहीं है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में कार्य प्रमंडल, जहानाबाद के अधीन पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनान्तर्गत L140 टेहटा ढावपर रोड से हृदया बिगहा पथ निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किये जाने संबंधी आरोपों के आलोक में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) में निहित प्रावधान के आलोक में **संवेदक संजय कुमार(निबंधन संख्या–3050376)**, At-Paharpur, Muespur, Khizarsarai, Dist-Gaya को 03(तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

27-02-26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–15/2026 2947 /पटना, दिनांकः– 9.3.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग /जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27-02-26
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–15 / 2026 2947 /पटना, दिनांकः– 9.3.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.02.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–15 / 2026 2947 /पटना, दिनांकः– 9.3.26

निबंधित / ईमेल

प्रतिलिपिः–संवेदक संजय कुमार(निबंधन संख्या–3050376), At-Paharpur, Muespur, Khizarsarai, Dist-Gaya को सूचनार्थ प्रेषित।

27.02.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–15 / 2026 2947 /पटना, दिनांकः– 9.3.26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.02.26

अभियंता प्रमुख